बरेली, शुक्रवार
14 मई, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

PAGE NO : 04 MIDDLE

क्या है म्युकरमाइकोसिस या ब्लैक फंगस



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के माइक्रो बायोलॉजिस्ट डा. राहुल गोयल बताते हैं कि वैसे वातावरण में हमेशा ही कई तरह की फंगस मौजूद रहते हैं। घर में ब्रेड रखे होने पर कुछ दिन बाद उसमें फंगस आ जाना इसका उदाहरण है। यह फंगस हमारी बॉडी में भी आते हैं, लेकिन रोग प्रतिरोधक क्षमता अच्छी होने के चलते बॉडी उन्हें मार देती है। बताते हैं कि इन दिनों जिस म्युकरमाइकोसिस या ब्लैक फंगस की चर्चा चल रही है, यह गंभीर फंगस संक्रमण है। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर हमारे शरीर पर बुरा प्रभाव डालता है। यह डायबिटिक और ट्रांसप्लांट या कैंसर के रोगियों के लिए अधिक खतरनाक साबित हो सकता है।